Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
Alumni Association
&
Alumni Cell

Registration No.:
LUC/07938/2021

Alumni Meet- 28th August, 2022

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में एलुमनाई मीट-2022 का आयोजन दिनाँक- 28 अगस्त 2022 को पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ (SEES) के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर विवि में साईकल बैंक का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11:30 से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि श्री मुकेश मेश्राम, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, टूरिज्म एंड कल्चर, विशिष्ट अतिथि श्री कुंवर शशांक, मेंटर फ़ॉर अम्बेडकर सोशल इन्नोवेशन एंड इन्क्यूबेशन मिशन, भारत सरकार और कार्यक्रम के संरक्षक, विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

एलुमनाई एसोसिएशन की प्रेसिडेंट प्रो0 शिल्पी वर्मा ने स्वागत वक्तव्य दिया। एलुमनाई सेल के चेयरमैन प्रो0 डी0 आर0 मोदी ने एलुमनाई सेल की रिपोर्ट प्रस्तुत की । उन्होंने सेल के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने एलुमनाई एसोसिएशन और एलुमनाई सेल के संयुक्त प्रयास से तैयार पूर्व छात्रों के आंकड़ों और उनके लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया।

बीबीएयू एलुमनाई एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ0 नरेंद्र कुमार ने बताया कि जनवरी 2020 में एसोसिएशन पंजीकृत कराया गया। इसके बाद से ही इस दिशा में एलुमनाई सेल और एसोसिएशन मिलकर कार्य कर रहा है। अब तक कुल 200 छात्र इस एसोसिएशन से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा विवि में साईकल बैंक भी स्थापित किया जा रहा है। आज मुख्य अथिति द्वारा इस साईकल बैंक का भी उद्घाटन किया गया। डॉ0 नरेंद्र ने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा कुल 50 साईकल प्रदान किये जाने का लक्ष्य है। आज कुल 20 साईकल इस बैंक के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि ये साईकल विवि के शिक्षकों, पूर्व छात्रों एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से प्राप्त हुई हैं। साईकल बैंक में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और संस्थाओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रो0 सुनीता मिश्रा ने 75000 रुपये की धनराशि एलुमनाई एसोसिएशन में दान किया। इसके लिए उन्हें कुलपति महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व छात्र डॉ0 तरुण चतुर्वेदी, डॉ0 उमेश प्रसाद, डॉ0 विनय साहू एवं डॉ0 मोहम्मद मेराज अंजुम को अपने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए विवि द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक, विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के लिए उसके ब्रांड अम्बेसडर होते हैं। उनका योगदान संस्थान की प्रगति और उसके वर्तमान छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण होता है। पूर्व छात्र वर्तमान छात्रों के लिए मेंटर के तौर पर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने पूर्व

छात्रों से विवि के विकास में आर्थिक सहयोग देने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। कुलपति महोदय ने विवि की एनआईआरएफ रैंकिंग में हुए सुधार के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने वर्तमान सत्र में सीयूईटी के माध्यम से दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की दूसरी सबसे पसंदीदा यूनिवर्सिटी के तौर पर बीबीएयू को पसंद किए जाने की बात का भी ज़िक्र किया। विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विवि में स्किल बेस्ड कोर्स शुरू करने की योजना के बारे में भी बताया। अंत में उन्होंने साईकल बैंक की स्थापना के लिए एलुमनाई एसोसिएशन को बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री मुकेश मेश्राम, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, टूरिज्म एंड कल्चर, ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की धरोहर होते हैं और विश्व भर के देशों ने संस्थान के विकास में पूर्व छात्रों के योगदान को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने देश की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब समाज और सरकार एक साथ मिलकर काम करेगा, तभी हम बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने प्रगति करने के लिए जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने विदेशों में शोध के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के बारे में बताया और साथ ही यह सुझाव भी दिया विवि एक सेल बनाए और उसके माध्यम से ऐसे छात्रों की पहचान करे जो शोध के लिए किसी अन्य देश में जाना चाहता है। ऐसे विद्यार्थियों का नाम विश्वविद्यालय सरकार तक पहुँचाये ताकि विद्यार्थी सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर उच्च शिक्षा और शोध में उत्कृष्ट कार्य कर सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री कुंवर शशांक, मेंटर फ़ॉर अम्बेडकर सोशल इन्नोवेशन एंड इन्क्यूबेशन मिशन, भारत सरकार, ने बताया कि हमारे एलुमनाई हमारी भावी पीढ़ी के लिए सफलता का ब्लू प्रिंट तैयार कर के देते हैं। यही एलुमनाई हमारे आगे चलकर मेंटर्स और पॉलिसी मेकर्स बनते हैं। जिनके फैसले आगे देश की प्रगति में अहम रोल निभाते हैं। उन्होंने देश के युवाओं का उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ते रुचि के बारे में चर्चा की । उन्होंने कहा कि उद्यमिता ही ऐसा माध्यम है जो हमे विश्वगुरु बना सकता है। हमारा देश इस दिशा में काफी तेजी से आगे भी बढ़ रहा है।

डॉ0 राजश्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर लगभग 200 पूर्व छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट डॉ0 एम0 एल0 मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एलुमनाई एसोसिएशन की जॉइंट सेक्रेटरी डॉ0 अल्का, सदस्यों डॉ0 सूफिया अहमद, डॉ0 अरविंद सिंह, डॉ0 जीवन सिंह, डॉ0 ओ0 पी0 सैनी, डॉ0 पी0 एस0 रजनीकांथ एवं डॉ आशीष रस्तोगी के साथ ही विवि के सभी शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पूर्व छात्रों और एलुमनाई एसोसिएशन की बैठक हुई जिसमें पूर्व छात्रों ने विवि के विकास के लिए अपने अपने ढंग से विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए।

एलुमनाई मीट-2022 की झलकियां




























Shri Mukesh Kumar Meshram


Shri Mukesh Kumar Meshram
Prof. Sanjay Singh






BABASAHEB
BHIMRAO
AMBEDKAR
UNIVERSITY


Shri Mukesh Kumar Meshram
Prof. Sanjay Singh


Shri Mukesh Kumar Meshram
Prof. Sanjay Singh


Prof. Sanjay Singh


Shri Mukesh Kumar Meshram
Prof. Sanjay Singh


Prof. Sanjay Singh


Shri Mukesh Kumar Meshram




बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ
पूर्व विद्यार्थी समागम-2022
के अवसर पर बी.बी.ए.यू. परिवार हेतु
बी.बी.ए.यू. पूर्व छात्र संघ, लखनऊ
द्वारा
"साईकिल बैंक" का शुभारम्भ
दिनांक 28/08/2022, दिनः रविवार
स्थानः पर्यावरण विज्ञान सभागार
बी.बी.ए.यू. शिक्षक-गण






Prof. Sanjay Singh


Shri Mukesh Kumar Meshram
Prof. Sanjay Singh





Media Covrage

दैनिक जागरण (29/08/22)

बीबीएयू में बना साइकिल बैंक परिसर में कर सकेंगे सवारी

सुविधा

जागरण संवाददाता, लखनऊ : बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में रविवार को एलुमिनाई मीट में पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी यादों को साझा किया। इस दौरान शिक्षकों और पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से साइकिल बैंक का शुभारंभ भी किया गया। परिसर में पैदल आने वाले विद्यार्थी इस बैंक से साइकिल लेकर चला सकेंगे।

सम्मेलन में कुलपति प्रो. संजय सिंह ने साइकिल बैंक की स्थापना के लिए एलुमिनाई एसोसिएशन को बधाई दी। कहा कि पूर्व छात्र वर्तमान छात्रों के लिए मेंटर के तौर पर कार्य कर सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने के लिए एक सेल बनाने का सुझाव भी रखा।

विशिष्ट अतिथि कुंवर शशांक ने उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा। एलुमिनाई एसोसिएशन की प्रेसिडेंट प्रो. शिल्पी वर्मा ने सभी का स्वागत किया। एलुमिनाई सेल के चेयरमैन प्रो. डीआर मोदी ने पूर्व छात्रों के आंकड़ों और उनके कार्यों को बताया।

एलुमिनाई एसोसिएशन के सेक्रेटरी डा. नरेंद्र कुमार ने बताया कि एलुमिनाई सेल और एसोसिएशन मिलकर काम कर रहे हैं। इससे अभी तक 200 विद्यार्थी जुड़े हुए हैं। प्रो. सुनीता मिश्रा ने 75,000 रुपये की धनराशि एसोसिएशन में दान की। पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। संचालन डा. राजश्री ने किया।

अमर उजाला (मई सिटी) (29/08/22)

बीबीएयू : शोधार्थियों के लिए बनाएं स्पेशल सेल



बीबीएयू में एलुमिनाई मीट के दौरान मौजूद प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम, कुलपति आचार्य संजय सिंह व अन्य। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

एलुमिनाई मीट 2022 में प्रमुख सचिव ने दिया सुझाव

लखनऊ। विदेशों में शोध के लिए जाने की इच्छा रखने वाले छात्रों को सुविधा मुहैया कराने के लिए बीबीएयू एक विशेष सेल का गठन करे। इन छात्रों को शोध के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति के बारे में भी बताया जाए। ऐसे विद्यार्थियों का नाम विश्वविद्यालय, सरकार तक पहुंचाए, जिससे उन्हें आर्थिक सहयोग मिल सके। यह बातें प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम ने रविवार को बीबीएयू एलुमिनाई मीट 2022 के दौरान कहीं। उन्होंने विदेशों में शोध के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति के बारे में भी बताया।

वहीं, कुलपति आचार्य संजय सिंह ने पूर्व छात्रों को विवि का ब्रांड अंबेसडर बताते हुए कहा कि इनके योगदान से संस्थान का विकास होता है। उन्होंने एलुमिनाई एसोसिएशन की ओर से शुरू किए गए साइकिल बैंक के लिए सबको बधाई भी दी। एलुमिनाई एसोसिएशन की प्रेसीडेंट डॉ. शिल्पी वर्मा, वाइस प्रेसीडेंट डॉ. एमएल भीणा, एलुमिनाई सेल के चेयरमैन प्रोफेसर डीआर मोदी, डॉ. अल्का, डॉ. सुफिया अहमद, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. तरुण चतुर्वेदी, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. विनय साहू, डॉ. सी. मेराज आदि उपस्थित रहे।

प्रोफेसर ने दिए 75 हजार : बीबीएयू एलुमिनाई एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि 200 पूर्व छात्रों ने साइकिल बैंक शुरू किया है। 25 साइकिल देने का लक्ष्य है। अभी बैंक में 20 साइकिलें जमा हुई हैं। इसमें शिक्षकों, पूर्व छात्रों व विभिन्न संस्थाओं का सहयोग मिला है। प्रो. सुनीता मिश्रा ने 75 हजार रुपये एलुमिनाई एसोसिएशन को दान की। कुलपति ने उन्हें सम्मानित किया।

Hindustan Times (29/08/22)

Ambedkar varsity holds alumni meet, inaugurates cycle bank

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : As many as 200 alumni of Babasaheb Bhimrao Ambedkar University (BBAU), Lucknow gathered on the campus during the varsity's alumni meet-2022 on Saturday.

On the occasion, a cycle bank was also inaugurated to encourage the present students to park their vehicles at parking stands and make use of cycles to reduce pollution.

The patron of the programme, vice-chancellor Aacharya Sanjay Singh congratulated the alumni association on the establishment of the cycle bank.

He said that the alumni are the brand ambassadors of any institute and their contribution is crucial to the progress of the institute and the development of its current students. He said, "Alumni can act as mentors for current students."



The cycle bank was launched to encourage students to use bicycles and help reduce pollution SOURCED

He discussed with the alumni the need to provide financial support for the development of the university.

The VC also apprised everyone about the improvement in the NIRF ranking of the university and mentioned that BBAU has become the second most preferred university for the students admitted through CUET. He also talked about the plan to start skill-based courses to advance the students in the field of entrepreneurship.

The chief guest of the event Mukesh Meshram, principal secretary, tourism and culture, said that the alumni are the heritage of any institution and countries across the world have recognised the contribution of the alumni in the development of an institution.

Along with this, he also talked about the scholarship provided by the government for research abroad and suggested creating a cell to identify such students who wanted to go to another country for research.

हिन्दुस्तान (29/08/22)

संस्थान की धरोहर हैं एलुमिनाई: मेश्राम



बीबीएयू में रविवार को आयोजित एलुमिनाई मीट में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम।

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलुमिनाई (पूर्व छात्र) किसी भी संस्थान की धरोहर होते हैं। संस्थान के विकास में पूर्व छात्रों का योगदान अहम होता है। यह बातें प्रयटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने रविवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में आयोजित एलुमिनाई मीट में कहीं।

उन्होंने सुझाव दिया विवि एक शोध सेल बनाएं। दूसरे देशों में शोध के इच्छुक छात्रों के नाम सरकार को भेजे। ताकि छात्र सरकार से आर्थिक मदद मिलने पर उच्च शिक्षा और शोध में उत्कृष्ट कार्य कर सकें। मेश्राम ने एलुमिनाई एसोसिएशन के सहयोग से विवि में स्थापित साइकिल बैंक का शुभारंभ किया। बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र मेंटर के तौर पर कार्य कर सकते हैं। एलुमिनाई एसोसिएशन साइकिल बैंक को 50 साइकिल देगा। रविवार को बैंक को 20 साइकिल भेंट की गईं। प्रो. सुनीता मिश्रा ने 75000 की धनराशि एसोसिएशन को दी। इस मौके पर एलुमिनाई एसोसिएशन की प्रेसीडेंट प्रो. शिल्पी वर्मा, चेयरमैन प्रो. डीआर मोदी, सचिव डॉ. नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा (29/08/22)

पूर्व छात्र संस्था की धरोहर : मुकेश

बीबीएयू : एलुमनाई मीट-2022 का आयोजन



लखनऊ (एसएनबी)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में एलुमनाई मीट 2022 का आयोजन रविवार को पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर विवि में साइकल बैंक का भी शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश मेश्राम, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, टूरिज्म एंड कल्चर ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की धरोहर होते हैं और विश्व पर के देशों ने संस्थान के विकास में पूर्व छात्रों के योगदान को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने देश की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब समाज और सरकार एक साथ मिलकर काम करेगा, तभी हम बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने प्रगति करने के लिए जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कुंवर शशांक, मेंटर फॉर अम्बेडकर सोशल इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन मिशन, भारत सरकार ने बताया कि हमारे एलुमनाई हमारी भावी पीढ़ी के लिए सफलता का ब्लू प्रिंट तैयार करके देते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के लिए उसके ब्रांड अम्बेसडर होते हैं।

एलुमनाई एसोसिएशन की प्रेसिडेंट प्रो. शिल्पी वर्मा ने स्वागत वक्तव्य दिया। एलुमनाई सेल के चेयरमैन प्रो. डी.आर. मोदी ने एलुमनाई सेल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बीबीएयू एलुमनाई एसोसिएशन के सेक्रेटरी डा. नरेंद्र कुमार ने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा विवि में साइकल बैंक भी स्थापित किया जा रहा है। आज मुख्य अतिथि द्वारा इस साइकल बैंक का भी उपक्रम किया गया। डा. नरेंद्र ने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा कुल 50 साइकल प्रदान किये जाने का लक्ष्य है। आगे कुल 20 साइकल इस बैंक के लिए प्रदान की गई है। इस अवसर पर प्रो. सुनीता ने 75,000 रुपये की धनराशि एलुमनाई एसोसिएशन ने दान किया। इसके लिए कुलपति ने उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र डा. तरुण चतुर्वेदी, डा. उमेश प्रसाद, डा. विनय साहू एवं डा. सीताराम मेराज अंसारी भी अपने क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए विवि द्वारा सम्मानित किया गया।

हिन्दुस्तान (28/08/22)

बीबीएयू में एलमनाई मीट का आयोजन आज

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पूर्व छात्र विवि. में साइकिल बैंक स्थापित करेंगे। एलमिनाई एसो. रविवार को विवि पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में आयोजित एलुमिनाई मीट में 50 साइकिल भेंट करेंगे। इसे विवि में पढ़ाई कर रहे बाहरी छात्र आने-जाने में साइकिल का उपयोग कर सकें।

अमर उजाला (मई सिटी) (28/08/22)

पर्यावरण संरक्षण को बीबीएयू में साइकिल बैंक

मई सिटी रिपोर्टर

आज 50 साइकिल से होगी इस बैंक की शुरुआत, विश्वविद्यालय कैंपस को ग्रीनर एंड ग्रीन रखने की कवायद

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में एलुमिनाई एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए साइकिल बैंक की स्थापना की जा रही है। एसोसिएशन की ओर से 50 साइकिल इस बैंक के लिए दी जाएंगी। इनको विवि के शिक्षकों, पूर्व छात्रों व विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से प्राप्त किया गया है। रविवार को विवि में एलुमिनाई मीट के दौरान इसका उद्घाटन किया जाएगा।



बताते चलें कि बीबीएयू में प्रत्येक कुरुवार को नो-व्हीकल डे मनाया जाता है। कैंपस को ग्रीनर व ग्रीन रखने के उद्देश्य से इस कवायद को और विस्तार दिया जा रहा है। एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. शिल्पी वर्मा ने बताया कि यह सभी साइकिल विशेष टैग या लोगो लगा होगा ताकि इन्हें आसानी से पहचाना जा सके। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की ओर से 28 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ सभागार में एलुमिनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम होंगे। इसी दौरान इस योजना की शुरुआत भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एलुमिनाई मीट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों और विवि के बीच बेहतर संबंध को बनाए रखना है। इसके माध्यम से पूर्व छात्रों को जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। पूर्व छात्रों का मार्गदर्शन व सहयोग भी लिया जाएगा। आयोजन एलुमिनाई सेल के चेयरमैन प्रो. डीआर मोदी, एसोसिएशन के सचिव डॉ. नरेंद्र कुमार आदि के सहयोग से किया जा रहा है।

अंबेडकर विश्वविद्यालय में एलुमनाई मीट आज

लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान के सभागार में 28 अगस्त को एलुमनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच बेहतर संवाद बनाए रखने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें 200 से अधिक छात्र प्रतिभाग करेंगे। (जासं)

पूर्व छात्र संस्थान के लिए होते हैं ब्रांड अम्बेसडर: प्रो. संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ सभागार में एलुमनाई मीट 2022 का आयोजन किया गया। मीट में लगभग 200 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर विवि में साईकल बैंक का भी शुभारंभ किया गया।

एलुमनाई मीट को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के लिए उसके ब्रांड अम्बेसडर होते हैं। उनका योगदान संस्थान की प्रगति और उसके वर्तमान छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण होता है। पूर्व छात्र वर्तमान छात्रों के लिए मेंटर के तौर पर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने पूर्व छात्रों से विवि के विकास में आर्थिक सहयोग देने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव टुरिज्म एंड कल्चर मुकेश मेश्राम ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की धरोहर होते हैं और विश्व भर के देशों ने संस्थान के विकास में पूर्व छात्रों के योगदान को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने देश की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब समाज और सरकार एक साथ मिलकर काम करेगा, तभी हम बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने प्रगति करने के लिए जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेंटर फार अम्बेडकर सोशल इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन मिशन के कुंवी शशांक ने कहा कि एलुमनाई हमारी भावी पीढ़ी के लिए सफलता का ब्लू प्रिंट तैयार कर के देते हैं। यही एलुमनाई हमारे आगे चलकर मेंटर्स और पॉलिसी मेकर्स बनते हैं। जिनके फैसले आगे देश की प्रगति में अहम रोल निभाते हैं। एलुमनाई एसोसिएशन की प्रेसिडेंट प्रो शिल्पी वर्मा ने स्वागत वक्तव्य दिया। एलुमनाई सेल के चेयरमैन प्रो डी आर मोदी ने एलुमनाई सेल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सेल के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में बताया।

संस्थान की धरोहर हैं एलुमिनाई: मेश्राम



बीबीएयू में रविवार को आयोजित एलुमिनाई मीट में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम।

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलुमिनाई (पूर्व छात्र) किसी भी संस्थान की धरोहर होते हैं। संस्थान के विकास में पूर्व छात्रों का योगदान अहम होता है। यह बातें प्रयटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने रविवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में आयोजित एलुमिनाई मीट में कहीं।

उन्होंने सुझाव दिया विवि एक शोध सेल बनाएं। दूसरे देशों में शोध के इच्छुक छात्रों के नाम सरकार को भेजे। ताकि छात्र सरकार से आर्थिक मदद मिलने पर उच्च शिक्षा और शोध में उत्कृष्ट कार्य कर सकें। मेश्राम ने एलुमिनाई एसोसिएशन के सहयोग से विवि में स्थापित साइकिल बैंक का शुभारंभ किया। बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र मेंटर के तौर पर कार्य कर सकते हैं। एलुमिनाई एसोसिएशन साइकिल बैंक को 50 साइकिल देगा। रविवार को बैंक को 20 साइकिल भेंट की गईं। प्रो. सुनीता मिश्रा ने 75000 की धनराशि एसोसिएशन को दी। इस मौके पर एलुमिनाई एसोसिएशन की प्रेसीडेंट प्रो.

हिन्दुस्तान (28/08/22)

बीबीएयू में एलमनाई मीट का आयोजन आज

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पूर्व छात्र विवि. में साइकिल बैंक स्थापित करेंगे। एलमिनाई एसो. रविवार को विवि पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में आयोजित एलुमिनाई मीट में 50 साइकिल भेंट करेंगे। इसे विवि में पढ़ाई कर रहे बाहरी छात्र आने-जाने में

दैनिक जागरण (28/08/22)

अंबेडकर विश्वविद्यालय में एलुमनाई मीट आज

लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान के सभागार में 28 अगस्त को एलुमनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच

Social Media





